संचालन एवं रख–रखाव–एस0एल0डब्लू0एम0

जनपद में सालिड वेस्ट का मैनेजमेण्ट करने के लिए ग्राम पंचायतों में निर्मित आर0आर0सी0 का उपयोग किया गया। ग्राम पंचायतों में उपलब्ध ई–रिक्शा/साईकिल रिक्शा का संचालन कराकर ग्राम पंचायत में घर–घर कूड़े का कलेक्शन किया जायेगा। कूड़े को आर0आर0सी0 पर कार्यरत समूह या कर्मचारी के माध्यम से छंटनी कराकर उससे निकलनेवाले सिंगल यूज प्लास्टिक को नगर पंचायतों में निर्मित एम0आर0एफ0 पर भेजा जायेगा तथा अन्य वस्तुओं जैसे लोहा, प्लास्टिक, टिन, सीसी, पानी की बोतलें इत्यादि को कबाड़ी को बेचकर आय प्राप्त की जायेगी। एस0एल0डब्लू0एम0 हेतु फण्ड मैनेज करने के लिए ग्राम पंचायतों में स्वच्छता शुल्क भी लगाया जायेगा।